Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding extension of Yamuna Expressway upto Paonta Sahib in Himachal Pradesh-Laid.

श्री संजय भाटिया (करनाल): यमुना एक्सप्रेसवे के नए खंड को हरियाणा के सोनीपत, पानीपत, करनाल व यमुनानगर के रास्ते हिमाचल प्रदेश के पौंटा साहिब तक विस्तारित किया जा सकता है। यूं तो यमुना नदी के साथ लगते इस मार्ग का लोग आज भी उपयोग कर रहे हैं। लेकिन दिल्ली से पौंटा साहिब तक लगभग 250 किलोमीटर लंबा यह मार्ग विधिवत रूप से उच्च गुणवत्ता वाला राष्ट्रीय राजमार्ग बन जाए तो दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, पंजाब, उत्तराखंड सहित छह राज्यों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। ऐसा वैकल्पिक राजमार्ग बन जाने पर सैकड़ों वर्ष पुराने जीटी रोड पर यातायात का बोझ कम होगा। दुर्घटनाओं में कमी आएगी और समूचे क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास होगा। किसानों व आम लोगों को लाभ मिलेगा। इससे पर्यटन और व्यापार के नए अवसर पैदा होंगे। साबरमती और गंगा नदी की तर्ज पर रिवरफ्रंट का विकास भी किया जा सकता है।